27-10-2021

प्लेसमेंट ड्राइव में 78 विद्यार्थियों को मिले जॉब ऑफर

❑ एनएसआई की छात्रा वान्या सिंह को 4.50 लाख पैकेज मिला

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 26 अक्टूबर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में चल रहे प्रथम चरण के प्लेसमेंट ड्राइव कुल 78 छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर हुए हैं। वही संस्थान की छात्रा वान्या सिंह को इसजेक हैवी इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने 5.50 लाख रुपये का जॉब पैकेज दिया है। संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने कहा कि कोविड महामारी को देखते हुए कंपनियों ने पैकेज के साथ फ्री आवास और रियायती दरों पर भोजन की सुविधा देने का प्रस्ताव भी दिया है। इससे छात्र काफी उत्साहित है।

चयनित छात्रों के साथ निदेशक।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में पहले चरण का प्लेसमेंट ड्राइव चल रहा है, जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित चीनी मिल व मशीनरी और रसायन निर्माता कंपनियां आई हैं। एनएसआई कानपुर के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के करीब 50 फीसदी छात्रों को जॉब ऑफर हो गई है। 28 अक्तूबर से दूसरे चरण का प्लेसमेंट ड्राइव शुरू होगा। मुख्य रूप से बलरामपुर चीनी मिल, धामपुर शुगर मिल्स, रेनुका शुगर मिल्स, त्रिवेणी इंजीनियरिंग एवं इंडस्ट्रीज, केटालिस्ट, वीआरएल आटोमेशन आदि कंपनियां ड्राइव में आई हैं। निदेशक बताया कि इस वर्ष छात्रों को अच्छे पैकेज ऑफर हुए हैं। क्योंकि इथेनॉल की बढ़ती मांग को देखते हुए विशेषज्ञों की मांग में इजाफा हुआ है। इस वर्ष 3 से 3.50 लाख रुपये का औसत पैकेज ऑफर हुआ है।

■ अधिकाश छात्रों को मिला 3 से 3.50 लाख का पैकेज।

एनएसआई के 78 छात्र-छात्राओं को मिली नौकरी

कानपुर। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) में पहले चरण की प्लेसमेंट ड्राइव में 78 छात्र-छात्राओं को नौकरी मिल गई है। चीनी मिलों, मशीनरी और रसायन निर्माता कंपनियों ने एनएसआई के विभिन्न विशेषज्ञताओं का कोर्स करने वाले छात्रों का चयन किया है। निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने बताया कि अल्कोहल, शुगर टेक्नोलॉजिस्ट और क्वालिटी कंट्रोल केमिस्ट की मांग बढ़ी है। एनएसआई के प्लेसमेंट अधिकारी प्रोफेसर डी. स्वेन ने बताया कि शुगर टेक्नोलॉजी, अल्कोहल टेक्नोलॉजी और शुगर इंजीनियरिंग के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 50 फीसदी छात्र-छात्राओं को नौकरी मिली है। वान्या सिंह को साढ़े पांच लाख रुपये का वार्षिक पैकेज और पीजी डिप्लोमा कोर्स वालों को तीन से साढ़े तीन लाख रुपये का पैकेज मिला है। दूसरी प्लेसमेंट ड्राइव 28 से शुरू होगी। (ब्यूरो)

78 NSI students get placements

Kanpur (PNS): National Sugar Institute Director Prof Narendra Mohan, while addressing the campus placement held on the institute's premises on Tuesday, said campus placements were of great importance in the current times.

He said when a student entered an institute he/she hoped for a good placement on completing the course. He said campus placements were a kind of push to students, especially to reduce the struggle they face in searching for employment. He said the NSI students had always been the brand ambassador of the institute and today they were serving across the world.

Prof Mohan said it was not only the students who got placements, even good organisations got suitable and employable students who could be chiselled as per the industry demands. He said campus placements happened and good students got placement with good pay packages and this created a loyalty between campus and the company.

शर्करा संस्थान के 78 विद्यार्थियों को नामचीन कंपनियों में मिला प्लेसमेंट

कानपुर (एसएनबी)। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में चल रहे प्लेसमेंट कार्यक्रम के प्रथम चरण में 78 विद्यार्थियों को विभिन्न नामचीन चीनी मिलों, मशीनरी व रसायन निर्माता कंपनियों के लिए चयनित होने की सफलता मिली है। संस्थान निदेशक प्रो. नरेन्द्र मोहन ने प्लेसमेंट कार्यक्रम के प्रथम चरण में ही आकर्षक पैकेज पर बड़ी संख्या में प्लेसमेंट मिलने पर खुशी जताई है।

प्लेसमेंट के प्रथम चरण में संस्थान की वान्या सिंह को मे.इसजेक हैवी इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा ₹ 5.50 लाख का वार्षिक पैकेज दिया गया है। इस वर्ष प्लेसमेंट की विशेषता यह भी बतायी जा रही है कि पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का वार्षिक पैकेज ₹ 3 से 3.5 लाख वार्षिक तक रहा। कोविड महामारी के कारण अनेक कंपनियों ने रोजगार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आवास के अतिरिक्त मुफ्त या रियायती दरों पर भोजन की सुविधा देने का प्रस्ताव भी दिया है।

प्लेसमेंट का द्वितीय चरण 28 अक्टूबर से आरंभ होगा। इस चरण में भी अनेक जानी-मानी चीनी मिलों, मशीन व रसायन निर्माता कंपनी भाग लेंगी। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी प्रो.डी.स्वेन ने कहा कि हम प्रथम चरण में लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में सफल रहे हैं। यह स्थिति तब रही जब कोविड महामारी के कारण अनिश्चतता के बादल छाये थे, किंतु देश के चीनी उद्योग की बेहतर आर्थिक स्थिति एवं इथेनॉल क्षेत्र में हो रही प्रगति के कारण तमाम संस्थान प्लेसमेंट के लिए आये। प्लेसमेंट के अगले चरण में भी तमाम संस्थान यहां प्लेसमेंट के लिए आयेंगे।